हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
17 अप्रैल 2024, समय 1810

- केंद्र सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र में शत प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति देने के अपने फैसले को लागू करने के लिए विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के अंतर्गत संशोधित नियमों को अधिसूचित किया।
- प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने विश्वास व्यक्त किया है कि अंतरिक्ष क्षेत्र भविष्य में हवाई, समुद्री एवं ज़मीनी युद्धों को प्रभावित करेगा।
- हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा है कि सोशल मीडिया के माध्यम से चुनाव प्रचार के लिए प्रसारित विज्ञापनों का खर्चा संबंधित उम्मीदवार या पार्टी के खाते मे जोड़ा जायेगा।
- हरियाणा की विभिन्न मंडियों में गेहूं और सरसों की खरीद जारी।
- चरखी दादरी की मंडियों में कल व परसों सरसों की खरीद बंद रहेगी।
- हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने वर्तमान शैक्षणिक सत्र से कक्षा 9वीं से 12वीं तक के लिए नया पाठ्यक्रम लागू किया।

..........................................................................................

केंद्र सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र में शत-प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति देने के अपने फैसले को लागू करने के लिए विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के अंतर्गत संशोधित नियमों को अधिसूचित कर दिया है।

वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, उपग्रहों, उपग्रह डेटा उत्पादों और ग्राउंड सेगमेंट तथा उपयोगकर्ता सेगमेंट के विनिर्माण एवं संचालन के लिए शत-प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति दी गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि 74 प्रतिशत निवेश के लिए सरकार की मंजूरी की जरूरत नहीं होगी और इससे अधिक निवेश के लिए सरकार की मंजूरी लेनी अनिवार्य होगी।

वित्त मंत्रालय ने कहा है कि प्रक्षेपण यान और उससे संबंधित प्रणालियों या उप-प्रणालियों में 49 प्रतिशत तक के निवेश के लिए भी सरकार की अनुमति जरूरी नहीं होगी लेकिन इससे अधिक निवेश के लिए सरकार से अनुमति लेनी होगी।

मंत्रालय ने कहा है कि उपग्रहों, ग्राउंड सेगमेंट और उपयोगकर्ता सेगमेंट के लिए घटकों, प्रणालियों एवं उप-प्रणालियों के विनिर्माण में शत-प्रतिशत निवेश सरकार की अनुमति के बिना किया जा सकता है। नए नियम 16 अप्रैल से लागू हो गए हैं।

..........................................................................................

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने विश्वास व्यक्त किया है कि अंतरिक्ष क्षेत्र भविष्य में हवाई, समुद्री और जमीनी युद्धों को प्रभावित करेगा। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष एक अज्ञात क्षेत्र है जहां युद्ध की अवधारणाएं अभी विकसित और परिपक्व नहीं हुई हैं।

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने आज नई दिल्ली में भारतीय रक्षा अंतरिक्ष संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जोर देकर कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र का इस्तेमाल मानवता के लाभ के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत ने कई विशिष्ट प्रौद्योगिकी विकसित कर अंतरिक्ष क्षेत्र में अपनी क्षमताओं को साबित किया है।

तीन दिन की इस संगोष्ठी में शीर्ष सैन्य अधिकारी, नीति निर्माता, वैज्ञानिक और प्रमुख उद्योगपति रक्षा अंतरिक्ष क्षमताओं के निर्माण के लिए एक योजना को आकार देने के बारे में चर्चा करेंगे।

..........................................................................................

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा है कि चुनाव प्रचार के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित विज्ञापनों का खर्चा भी संबंधित उम्मीदवार या पार्टी के खाते में जोड़ा जायेगा।

श्री अग्रवाल ने चंडीगढ़ में जारी एक प्रेस विज्ञाप्ति में यह भी कहा कि आदर्श आचार संहिता के दौरा कोई भी उम्मीदवार या पार्टी, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भ्रामक चुनाव सामग्री का प्रसारण नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि अगर कोई ऐसा करता है तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

श्री अग्रवाल ने कहा कि आदर्श आचार संहिता की पालना को लेकर विभिन्न टीमों का गठन किया गया है और साइबर प्रकोष्ठ सहित इन टीमों क्षरा सोशल मीडिया पर पैनी नज़र रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि अख़बार, टेलीविज एवं रेडियो की तरह सोशल मीडिया पर भी चुनाव के दौरान प्रचार किया जाता है।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला स्तर पर गठित टीमें सोशल मीडिया पर किसी तरह का विज्ञापन मिलने पर उसकी रिपोर्ट खर्च के ब्यौरे सहित खर्चा निगरानी टीम को देंगी और रिपोर्ट के आधार पर संबंधित उम्मीदवार या पार्टी के खाते में विज्ञापन का खर्चा जोड़ दिसा जायेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि समाचार पत्र या चैनल पर कोई भी विज्ञापन प्रकाशित या प्रसारित करवाने से पहले मीडिया समन्वय निगरान समिति के माध्यम से अनुमति लेना जरूरी है और इसी तरह सोशल मीडिया पर दिये जाने वाले विज्ञापन या अन्य प्रचार सामग्री के लिए प्रशासन की अनुमति जरूरी है।

..........................................................................................

हरियाणा की विभिन्न मंडियों में गेहूं और सरसों की खरीद जारी है।

कुरूक्षेत्र में कल तक अलग अलग खरीद केंद्रों में विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा 2 लाख 17 हज़ार 986 टन गेहूं की खरीद की गई है। वहीं, भिवानी की मंडियों में कल तक 4 लाख 5 हज़ार 771 क्विंटल सरसों तथा 3 लाख 9 हज़ार 634 क्विंटल गेहूं की आवक हुई है।

भिवानी मार्किट कमेटी के मंडी निरीक्षक योगश शर्मा ने बताया कि कज तक 2 लाख 97 हज़ार 806 क्विंटल सरसों, 5 हज़ार 650 रूपये प्रति क्विंटलके न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद ली हुई है। उन्होंने बताया कि इसके लिए 2 हज़ार 275 रूपये के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर एक लाख 26 हज़ार क्विंटल गेहूं की खरीद कर ली गई है।

इसी तरह पंचकूला जिले की मंडियों में कल तक 13 हज़ार 421 टन गेहूं और 636 टन सरसों की खरीद की गई है। हमारी संवाददाता ने बताया कि 631 टन सरसों और 3 हज़ार 448 टन गेहूं का उठान कर लिया गया है।

उधर पानीपत जिले में कल तक 98 हज़ार टन गेहूं की खरीद हुई है जिसमें से लगभग 13 हज़ार 45 टन गेहूं का उठान कर लिया गया है।

..........................................................................................

चरखी दादरी जिले की मंडियों में कल व परसों सरसों की खरीद बंद रहेगी।

चरखी दादरी मंडी की विकास निगरानी एवं मूल्यांकन अधिकारी ज्योति धनखड़ ने बताया कि सरसों की काफी अधिक आवक होने से मंडी में जगह नहीं बची। इसलिए उठान की गति बढ़ाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि इस संबंधी आदेश जारी कर दिए गए है। इन दिनों के दौरान मंडी में फसल नही आएगी और गेट पास नहीं काटे जाएंगे। इस दौरान केवल उठान का कार्य ही किया जाएगा।

..........................................................................................

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने छात्रों को गुणात्मक शिक्षा देने के लिए वर्तमान शैक्षणिक सत्र से कक्षा 9वीं से 12वीं तक के लिए नया पाठ्यक्रम लागू किया है, जिसे शिक्षा बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है।

बोर्ड के अध्यक्ष डा. वीपी यादव ने बताया कि नये पाठ्यक्रम में इस बात पर विशेष जोर दिया गया है कि अध्यापक, विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता के अनुरूप पाठ्यक्रम का अनुसरण करते हुए ही पाठ योजना तैयार करके अध्यापन करवाएं, ताकि विद्यार्थियों में तर्कशीलता का आधार बढ़े व उनका सर्वांगीण विकास भी हो सके। उन्होंने बताया कि बोर्ड द्वारा शैक्षणिक प्रणाली को और अधिक मजबूत करने की दिशा में नये प्रारूप अनुसार 9वीं से 12वीं तक विषयवार एक-एक मॉडल प्रश्न-पत्र व चरणबद्ध मूल्यांकन योजना तैयार करवा कर शीघ्र ही बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड की जायेंगी।

..........................................................................................

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि हरियाणा में सभी चुनाव प्रबंध मुकम्मल कर लिए गए हैं।

चुनाव प्रबंधों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के बाद उन्होंने बताया कि प्रदेश में 10 हजार 363 स्थानों पर 19 हजार 812 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 13 हजार 588 मतदान केंद्र ग्रामीण क्षेत्र में और 6 हजार 224 शहरी क्षेत्र में हैं।

उन्होंने बताया कि शहरों में 2400 स्थानों पर तथा गांवों में 7 हजार 963 स्थानों पर पोलिंग बूथ बनाए गए हैं।

श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में छठे चरण में 25 मई को चुनाव होना है। 29 अप्रैल को चुनाव की अधिसूचना जारी हो जाएगी और 6 मई तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। 7 मई को नामांकन की समीक्षा होगी। 9 मई तक उम्मीदवार अपने नामांकन वापस ले सकेंगे।

उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशानुसार नामांकन दाखिल करने के दिन सुबह 11 बजे से पहले सार्वजनिक सूचना चस्पा की जाएगी।

यह अंग्रेजी या राज्यों की आधिकारिक भाषा में होगी। यह पीठासीन अधिकारी, सहायक पीठा सीन अधिकारी तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों जैसे कि पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत के कार्यालयों में चस्पा करनी होगी।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में 18 से 19 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 3 लाख 65 हजार 504 है, जो पहली बार मतदान करेंगे। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारियों से ऐसे मतदाताओं को सम्मानित करने का भी आह्वान किया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी निर्वाचन अधिकारियों को अपने-अपने जिलों में ऐसी विभूतियों को चुनाव आइकन बनाने को कहा है, जिनका राजनीतिक दलों से कोई वास्ता न हो।

.........................................................................................

पलवल जिले में होडल पुलिस ने 3 किलो 260 ग्राम गांजा सहित एक युवक को काबू किया है। पुलिस अधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि युवक को एक सूचना के आधार पर आज बामनीखेड़ा के निकट से गिरफतार किया गया। उसके कब्जे से एक बैग मिला जिसमें 3 किलो 260 ग्राम गांजा रखा हुआ था। युवक की पहचान उत्तरप्रदेश के जिला मैनपुरी निवासी के तौर पर हुई है।

.........................................................................................